# झारखंड बजट 2025-26

## चर्चा में क्यों?

**झारखंड सरकार ने** राज्य विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये **1.45 लाख करोड़ रुपए का बजट** पेश किया।

## मुख्य बिंदु

- **बजट आवंटन और प्रमुख योजना:**
  - महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिये **झारखंड मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना (JMMSY)** के लिये 13,363.35 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं ।
- **आर्थिक विकास और राजकोषीय घाटा:**
  - राज्य की **अर्थव्यवस्था 2025-26 में 7.5% की दर से बढ़ने का अनुमान है।**
  - आगामी वित्त वर्ष के लिये राजकोषीय घाटा 11,253 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है।
  - सामाजिक क्षेत्र के लिये 62,844 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं।
  - 2023-24 में झारखंड का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) **लगभग 4.6 ट्रिलियन रुपए था।**
  - सरकार का लक्ष्य 2029-30 तक GSDP को 10 ट्रिलियन रुपए तक बढ़ाना है।
- **स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा पहल:**
  - बजट में सात नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना शामिल है: राँची, खूंटी, गिरिडीह, जमशेदपुर, धनबाद, देवघर और जामताड़ा।
  - सरकार ने जमशेदपुर, गुमला और साहिबगंज में नए विश्वविद्यालय खोलने की योजना की भी घोषणा की।
- **केंद्र के साथ वित्तीय विवाद:**
  - राज्य सरकार केंद्र सरकार से 1.36 लाख करोड़ रुपए का बकाया वसूलने के लिये कानूनी कार्रवाई शुरू करने की योजना बना रही है।

## झारखंड मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना (JMMSY)

- यह योजना **3 अगस्त, 2024 को शुरू की गई थी।** इस योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों की **पात्र महिलाओं को 1,000 रुपए दिये जाएंगे।**
- प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना के माध्यम से हर वर्ष सभी पात्र महिलाओं के बैंक खातों में कुल 12,000 रुपए भेजे जाएंगे।
- दिसंबर 2024 से **वित्तीय सहायता बढ़ाकर 2,500 रुपए प्रतिमाह कर दी गई।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jharkhand-budget-2025-26